प्रदेश में रीजनल कनेक्टिविटी के प्रोत्साहन हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 20 नवम्बर, 2017 का कार्यवृत्त-

उपस्थितिः-

1. श्री अनूप चन्द्र पाण्डे, अवस्थापना एंव औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. श्री सदाकांत, अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. श्री संजीव मित्तल, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. श्री एस0पी0 गोयल, प्रमुख सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. श्री अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव, पर्यटन/सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. श्रीमती अलकनन्दा दयाल, सचिव, अवस्थापना एंव औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. श्री एम0पी0 अग्रवाल, सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9. श्री गुरू प्रसाद, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
10. श्री अनिल कुमार बाजपेई, विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
11. श्री सूर्य पाल गंगवार, विशेष सचिव/निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
12. श्री देवीदास, विशेष सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
13. श्री अखण्ड प्रताप सिंह, विशेष सचिव, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
14. श्री रणधीर सिंह, विशेष सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
15. श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
16. श्री डी0के0 राव, निदेशक, उत्तर प्रदेश फायर सर्विस, लखनऊ।
17. डॉ0 ज्ञान प्रकाश, निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश।
18. श्री संजय कुमार उपाध्याय, विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
19. श्री प्रकाश बिन्दु, विशेष सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
20. श्री प्रेम प्रकाश उपाध्याय, सहायक निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
21. श्री ए0के0 शर्मा, एयरपोर्ट निदेशक, चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट, लखनऊ।
22. श्री ज्योतिराज चौधरी, डयूटी मैनेजर, जेट एयरवेज, लखनऊ।
23. श्री एस0ए0 खान, स्टेशन मैनेजर एयर इंडिया, लखनऊ।

1- सम्मानित अधिकारीगणों/अतिथिगणों के अभिवादन के पश्चात विशेष सचिव/निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा आर0सी0एस0 योजना के संदर्भ में अवगत कराया गया कि आर0सी0एस0 योजना के अन्तर्गत प्रथम चक्र की बिडिंग में उत्तर प्रदेश के आर0सी0एस0 स्टेशनों से सम्बन्धित निम्नलिखित रूट्स

2/...

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

निम्नांकित आपरेटर्स को अवार्ड हुए हैं:

रूट्स	आपरेटर्स	उड़ान प्रारम्भ करने की तिथि
1. लखनऊ-ग्वालियर	एयर उड़ीसा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	सितम्बर, 2017
2. कानपुर-दिल्ली (2 उड़ान)	एयर उड़ीसा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड स्पाइसजेट लिमिटेड	सितम्बर, 2017 अगस्त, 2017
3. कानपुर-वाराणसी	एयर उड़ीसा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	सितम्बर, 2017
4. आगरा-जयपुर	एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड	जून, 2017
5. आगरा-दिल्ली	डेक्कन चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड	अगस्त, 2017

2- उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति, 2017 के अन्तर्गत निम्नलिखित विभागों के द्वारा अपने शासनादेश जारी कर दिए गए हैः-

1- संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन विभाग
2- पर्यटन विभाग
3- सूचना विभाग
4- ऊर्जा विभाग
5- गृह विभाग
6- परिवहन विभाग
7- लोक निर्माण विभाग
8- नगर विकास विभाग
9- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

3- अभी तक निम्नलिखित विभागों द्वारा अपेक्षित शासनादेश निर्गत नहीं किए गए हैं-

1- वित्त विभाग
2- समाज कल्याण विभाग
3- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

4- आर0सी0एस0 के प्रथम चक्र में चयनित रूटस के सम्बन्ध में एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आगरा-जयपुर की फ्लाईट माह दिसम्बर, 2017 के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ कर दी जाएगी। एयर उड़ीसा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड को 03 रूट्सअवार्ड हुए हैं। इस एलाइन्स की ओर से किसी प्रतिनिधि द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया। विशेष सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा बताया गया कि एयर उड़ीसा के प्रतिनिधि से उनकी वार्ता हुई है जिसमें उन्होंने बताया है कि इनकी सभी उड़ानें दिल्ली से आपरेट होकर अन्य स्थानों के लिए जाएंगी। दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों की व्यस्ता के कारण इन्हें स्लाट मिलने में कठिनाई हो रही है जिससे इनकी उड़ान प्रारम्भ होने में विलम्ब हो रहा है। इनके द्वारा वांछित तीन स्लाट में से 2 स्लाट मिल गए है और इन्हीं दो स्लाटों से दिसम्बर, 2017 के अन्त तक उड़ानें आरम्भ करा देंगे। डेक्कन चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड से भी दूरभाष पर वार्ता हुई है जिसमें उनके

3/...

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

द्वारा यह बताया गया है कि उनकी उड़ानों के लिए डी0जी0सी0ए0 से Air Operating Permit अभी प्राप्त नहीं हुआ है इस कारण से उड़ान आरम्भ करने में कठिनाई हो रही है। एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड द्वारा दिल्ली-कुशीनगर रूट की संभावनाओं को भी explore किया जा रहा है।

5- विशेष सचिव, नागरिक उडडयन द्वारा बताया गया कि द्वितीय चक्र की बिडिंग 09 नवम्बर, 2017 तक हुई है जिसके परिणाम दिसम्बर, 2017 के मध्य व अन्त में घोषित किये जाएंगे। द्वितीय चक्र की बिडिंग में मेरठ तथा सहारनपुर के एयरपोर्ट को सम्मिलित नहीं किया गया अत: अब उत्तर प्रदेश के 07 एयरपोर्ट ही चयनित होने की संभावना है जो झांसी, मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती तथा म्योरपुर (सोनभद्र) हैं। उक्त 07 एयरपोर्ट के लिए विभिन्न एयरलाइन्सों द्वारा बिड किया गया है। अत: उपयुक्त होगा कि इन एयरपोर्टों पर आर0सी0एस0 उडानों के लिए राज्य सरकार के स्तर पर वांछित सुविधाऐं उपलब्ध कराये जाने/आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी अभी से कर ली जाए। निर्णय लिया गया कि नागरिक उडडयन विभाग द्वारा विभागवार Action Plan तैयार कर सम्बन्धित विभागों को कार्यवाही हेतु भेज दिया जाए। सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने से संबंधित कार्यवाही समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएगी।

6- यह भी निर्णय हुआ कि वित्त विभाग एवं समाज कल्याण/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा भी शासनादेश निर्गत किये जाएं।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या-103/2017/1931/छप्पन-2017-71/13 टी0सी0-।।
लखनऊ : दिनांक : 22 दिसम्बर, 2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- बैठक में उपस्थिति समस्त अधिकारीगण।
2- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग/समाज कल्याण विभाग/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in